Bharat Temples

# है आपके हाथों में

है आपके हाथों में,मेरी बिगड़ी बना देना
भोले मेरी नैया को , भव पार लगा देना

तुम शंख बजा करके दुनिया को जगाते हो
डमरू की मधुर धुन से सत्मार्ग दिखाते हो
मैं मूरख मेरे अवगुन को नाथ मिटा देना
भोले मेरी -------------

हर ओर अन्धेरा है तुफान ने घेरा है
कोई राह नहीं दिखती , मुझे तुझ पर भरोसा है
एक आस लगी तुझसे ,मेरी लाज बचा लेना
भोले मेरी---------------

हे जगदंबा के स्वामी ,देव आदि देव नमामि
सबके मन तुम जानो ,शिव तुम अन्तर्यामी
सब दुख मेरे मन के महादेव मिटा देना
भोले मेरी--------

महादेव जटा मे तुम ने गंगा को छिपाया है
माथे पर चंद्रमा सजाके, विषधर लिपताया है
मुझको भी गले अपने महाकाल लगा लेना
भोले मेरी ------------

प्रेषक प्रियंका अग्निहोत्री

Source: https://www.bharattemples.com/hai-aapke-hatho-me/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw